PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Tue, 23 May 2017, Page 1
Width: 21.59 cms, Height: 13.12 cms, a4r, Ref: 41.2017-05-23.14

उपलब्धि तेजस को रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने दिखाई हरी झंडी, उत्साहित रेलवे विभाग मिशन रफ्तार को देगा गति

दिल्ली-मुंबई के बीच चलेगी नॉनस्टॉप राजधानी

संजय सिंह • नई दिल्ली

तेजस की कामयाबी के बाद सरकार ने मिशन रफ्तार को और तेज करने का फैसला किया है। इस कड़ी में दिल्ली और मुंबई के बीच राजधानी जैसी एक ट्रेन चलाने की तैयारी हो रही है जो इस सफर को महज 12-13 घंटे में पूरा करेगी।

रेल मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार इस ट्रेन का आइडिया स्पेनिश ट्रेन टैल्गो के ट्रायल के बाद आया है। जिसे 200 किलोमीटर की गति क्षमता होने के बावजूद ट्रैक और सिगनल प्रणाली की सीमाओं के कारण महज 130 किलोमीटर की औसत रफ्तार पर चलाया जा सका था। लेकिन, इसके बावजूद यह ट्रेन राजधानी से पहले मुंबई पहुंच गई थी। जहां दिल्ली-मुंबई राजधानी 1,380 किलोमीटर के इस सफर को औसतन 16 घंटे में पूरा करती है। वहीं, टैल्गो ने विभिन्न ट्रायल के दौरान 13 से 14 घंटे तक का ही समय लिया था। इस दौरान इसने शून्य से लेकर 180 तक की स्पीड पकड़ते हुए 130 किलोमीटर की औसत रफ्तार का प्रदर्शन किया था।

यदि स्टॉपेज की संख्या को घटाकर एक या दो कर दिया जाए तो टैल्गो जैसी कोई भी ट्रेन 12-13 घंटे में दिल्ली से मुंबई पहुंच सकती है। हमने इसी बात को ध्यान में रखकर राजधानी या राजधानी जैसी एक ट्रेन दिल्ली से मुंबई के बीच चलाने का फैसला किया है। इसमें सिर्फ दो स्टॉपेज (संभवतः सूरत और वडोदरा) रखे जाएंगे। यह ट्रेन शाम सात बजे दिल्ली से रवाना होकर सुबह सात बजे मुंबई पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन शाम सात बजे मुंबई से चले और सुबह सात बजे दिल्ली आ जाए। इससे कम समय के अलावा ईंधन व अन्य खर्चों में भी बचत होगी।

मुंबई में रेलवे स्टेशन पर खड़ी तेजस ट्रेन • प्रेट्र

तेजस का किराया

- एक्जीक्यूटिव क्लास (बिना खानपान) - 2,585 रुपये
- एक्जीक्यूटिव क्लास (खानपान समेत) - 2,740 रुपये
- चेयरकार (बिना खानपान) - 1,185 रुपये
- चेयरकार (खानपान समेत) - 1,310 रुपये

'तेजस' को हाथोंहाथ ले रहे लोग : इस बीच, मुंबई (सीएसटीएम) से गोवा (करमाली) के बीच सोमवार 22 मई को रेलमंत्री सुरेश प्रभु द्वारा दादर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटित पहली सेमी हाईस्पीड तेजस (22119) ट्रेन को अधिक किराये के बावजूद महाराष्ट्र व गोवा के लोगों तथा विदेशी पर्यटकों ने हाथोंहाथ लिया है। पहले सफर पर जाने वालों में चेयरकार के 419 और एक्जीक्यूटिव क्लास के 31 यात्री शामिल थे। 23 मई को गोवा से मुंबई की वापसी तेजस (22120) के लिए चेयरकार में 628 और एक्जीक्यूटिव क्लास के लिए 28 लोगों ने बुकिंग कराई है। आगे का ट्रेंड भी उत्साहवर्द्धक है। क्योंकि 24 मई को मुंबई से गोवा तेजस के लिए सोमवार तीन बजे तक 746 यात्री चेयरकार व 40 यात्री एक्जीक्यूटिव क्लास के लिए बुकिंग करा चुके थे।